RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 12 जुलाई 2025 | वर्ष 07 | अंक 84 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी®
खबरें बे-रोकटोक

**मुंबई : 15 जुलाई को भारत में पहली बार खुलने जा रहा है टेस्ला का एक्सपीरियंस सेंटर...**




# 'महाराष्ट्र विशेष जन सुरक्षा विधेयक'

## दोनों सदनों से पास, शुरू हुआ सियासी बवाल...

**मुंबईः** महाराष्ट्र विधान परिषद ने वामपंथी उग्रवादी संगठनों की गैरकानूनी गतिविधियों पर अंकुश लगाने संबंधी विधेयक को शुक्रवार को पारित कर दिया। हाराष्ट्र विशेष जन सुरक्षा विधेयक को गृह राज्य मंत्री (शहरी) योगेश कदम ने राज्य विधान परिषद में पेश किया। इस विधेयक को बृहस्पतिवार को विधानसभा ने पारित किया था। राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों में विधेयक के पारित होने से राज्यपाल की स्वीकृति के बाद इसके कानून बनने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। इस विधेयक को लेकर विपक्ष लगातार विरोध कर रहा है। विधान परिषद में विधेयक पेश होने के बाद विपक्ष ने सदन से वॉकआउट करते हुए सभापति को असहमति पत्र सौंपा।



इसके बाद इसे बहुमत से पास कर दिया गया।

**उद्धव ठाकरे ने किया विरोध**

महाराष्ट्र विशेष जन सुरक्षा विधेयक पर शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि जैसा कि मैंने बताया, इस विधेयक में कहीं भी आतंकवाद या उग्रवाद का ज़िक्र नहीं है। इसलिए मेरा मानना है कि इसके तहत आम लोगों को कभी भी उठाकर जेल भेजा जा सकता है।

कांग्रेस ने कहा कि विपक्षी सदस्यों, नागरिक समाज और संवैधानिक विशेषज्ञों द्वारा उठाई गई महत्वपूर्ण चिंताओं को या तो नजरअंदाज कर दिया गया है या दरकिनार कर दिया गया है। संयुक्त समिति ने महाराष्ट्र विशेष जन सुरक्षा (एमएसपीएस) विधेयक के पुराने संस्करण में केवल तीन औपचारिक संशोधन किए।

**'वामपंथी उग्रवादी' शब्द कांग्रेस ने लाया**

मंत्री योगेश रामदास कदम ने कहा कि 'वामपंथी उग्रवादी' शब्द असल में कांग्रेस ने ही गढ़ा था। इसका पहली बार इस्तेमाल 2006 में यूपीए सरकार के दौरान हुआ था। आज उद्धवजी उन्हीं कांग्रेसी नेताओं के साथ हैं। इसलिए कांग्रेस से पूछा जाना चाहिए कि इस शब्द को किसने गढ़ा और इस्तेमाल किया? समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी ने विशेष जन सुरक्षा विधेयक पर कहा यह बिल सरकार ने नक्सलवाद और माओवाद के खिलाफ पेश किया है।

# भाषा विवाद को लेकर मुंबई में शुरू हुई मराठी पाठशाला,

## BJP-MNS हिंदी भाषियों को सिखाएगी मराठी

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में मराठी और हिंदी भाषा विवाद को लेकर सियासी घमासान जारी है. मराठी नहीं बोलने पर राज ठाकरे की पार्टी मनसे द्वारा कई लोगों को पीटने की घटना भी सामने आई है. खासकर मुंबई के मीरा रोड जैसे क्षेत्रों में भाषा आधारित तनाव की स्थिति देखने को मिली है. इसी पृष्ठभूमि में अब राजनीतिक दलों भाजपा और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने एक रचनात्मक और सकारात्मक पहल की शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य सामाजिक सौहार्द बढ़ाना और मराठी भाषा को बढ़ावा देना है. मनसे ने बोरीवली पश्चिम में अमराठी व्यापारियों के लिए 'मराठी पाठशाला' नामक पहल शुरू की है. इस पाठशाला के माध्यम से मुंबई में व्यवसाय करने वाले गैर-मराठी व्यापारियों को मराठी भाषा सिखाई जा रही है, ताकि वे स्थानीय नागरिकों से बेहतर संवाद स्थापित कर सकें.




**गैर मराठियों को सिखाई जा रही है मराठी भाषा**

इस कार्यक्रम में व्यापारियों ने स्वेच्छा से हिस्सा लिया और मनसे कार्यकताओं की सहायता से बारह मराठी शब्दों, दैनिक प्रयोग में आने वाले वाक्यांशों और व्यापारिक संवाद से जुड़े शब्दों का अभ्यास किया. आयोजन में भाग लेने वाले कई व्यापारियों ने इसे उपयोगी बताया और कहा कि स्थानीय भाषा सीखना न केवल व्यवसायिक रूप से लाभदायक है, बल्कि इससे सामाजिक दूरी भी कम होती है.

एक स्थानीय व्यापारी ने कहा, यहां व्यापार करते समय स्थानीय भाषा का ज्ञान आवश्यक है. वहीं मनसे पदाधिकारियों ने इस पहल को लेकर साफ किया कि मराठी सिर्फ एक भाषा नहीं, बल्कि इस भूमि की पहचान है. हमारा उद्देश्य है कि मुंबई में व्यापार करने वाले लोग स्थानीय संस्कृति और भाषा का सम्मान करें. हम किसी पर दबाव नहीं बना रहे, लेकिन मराठी सीखने की यह जिद भविष्य में भी जारी रहेगी.

**भाजपा का मुफ्त मराठी भाषा कक्षाओं का ऐलान**

मराठी और हिंदी के बीच पैदा हुए विवाद के बीच भारतीय जनता पार्टी ने भी गैर मराठी नागरिकों के लिए मुफ्त मराठी कक्षाएं शुरू करने का फैसला किया है. भाजपा प्रवक्ता और हिंदी साहित्य भारती महाराष्ट्र के अध्यक्ष प्रो डॉ. दयानंद तिवारी ने बताया कि ये कक्षाएं हर रविवार को सांताक्रूज और सायन में आयोजित की जाएंगी.इच्छुक व्यक्ति बिना किसी शुल्क के पंजीकरण कर कक्षाओं में भाग ले सकेंगे.

# मुंबई की झीलों का पानी 73.88 प्रतिशत तक बढ़ा...

**मुंबई :** बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के आंकड़ों के अनुसार, मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाली सात झीलों में कुल जल भंडार शुक्रवार को 1,069,357 मिलियन लीटर तक पहुँच गया. यह इस मौसम के लिए आवश्यक कुल जल भंडार का 73.88 प्रतिशत है. मुंबई की सात प्रमुख झीलें: ऊपरी वैतरणा, मोदक सागर, तानसा, मध्य वैतरणा, भाटसा, विहार और तुलसी, कुल मिलाकर 10.69 लाख मिलियन लीटर (एमएल) उपयोगी जल भंडार रखती हैं, जो उनकी पूर्ण संग्रहण क्षमता का 73.88 प्रतिशत है. इनमें से, मोदक सागर अपनी क्षमता के 100 प्रतिशत तक पहुँचने के बाद ओवरफ्लो होने वाला पहला जलाशय बन गया है. भाटसा में 4.6 लाख मिली (64.21 प्रतिशत) जलस्तर है, इसके बाद मध्य वैतरणा में 1.79 लाख मिली (92.87 प्रतिशत) और ऊपरी वैतरणा में 1.68 लाख मिली (74.02 प्रतिशत) जलस्तर है. ऊपरी वैतरणा में 5 जुलाई से पानी छोड़ा जा रहा है.



शेष झीलों में जलस्तर कम है: तानसा में 79.13 प्रतिशत, वेहर में 48.36 प्रतिशत और तुलसी में 49.79 प्रतिशत. गौरतलब है कि पिछले 24 घंटों में मध्य वैतरणा में 0.11 मीटर की गिरावट देखी गई, जबकि भाटसा में 0.25 मीटर की वृद्धि हुई. इस मौसम में अब तक सभी जलग्रहण क्षेत्रों में कुल 1,308.80 मिमी वर्षा दर्ज की गई है. पिछले 24 घंटों में अधिकांश झीलों में कोई उल्लेखनीय वर्षा दर्ज नहीं की गई.

## स्कूल में पीरियड्स चेक करने के लिए लड़कियों के कपड़े उतरवाने का आरोप... दो अभियुक्त गिरफ़्तार

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे में एक स्कूल की प्रिंसिपल और महिला कर्मचारी को गिरफ़्तार किया गया है. दोनों पर आरोप है कि उन्होंने छात्राओं के कपड़े उतरवाकर देखा कि वे मासिक धर्म में हैं या नहीं, क्योंकि शौचालय की दीवार पर खून के धब्बे मिले थे. पुलिस ने यह कार्रवाई तब की जब इस तरह का बर्ताव झेल चुकी '10 से 15 लड़कियों' में से एक की मां ने शिकायत दर्ज कराई. इस स्कूल में नर्सरी से 10वीं कक्षा तक लगभग 600 छात्राएं पढ़ती हैं.

# हाथ में सिगरेट-पैसों से भरा बैग... शिंदे के मंत्री का वीडियो वायरल

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की पार्टी के विधायक संजय गायकवाड़ का थप्पड़ कांड वाले वीडियो पर मचा बवाल अभी थमा नहीं है कि एक नेता का वीडियो सामने आया है। उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने शुक्रवार का शिंदे की पार्टी शिवसेना के मंत्री संजय शिरसाट पर सनसनीखेज आरोप लगाए थे। राउत ने आरोप लगाया था कि मंत्री पैसों से भरा एक बैग बगल में रखकर बैठे हैं। कहा जा रहा है कि संजय राउत का दावा अब सच साबित हो गया है। क्योंकि पैसों से भरे एक बैग के बगल में बैठे संजय शिरसाट का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में मंत्री शिरसाट बिस्तर पर बैठकर सिगरेट पीते और फोन पर बात करते नजर आ रहे हैं और इस बिस्तर के नीचे पैसों से भरा एक बड़ा बैग रखा हुआ है।



**संजय राउत ने पोस्ट किया**

शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह वीडियो पोस्ट करते हुए सीएम देवेंद्र फडणवीस पर निशाना साधा है। दूसरी पोस्ट में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित पर भी तंज कसते हुए कहा कि उन्हें यह वीडियो देखना चाहिए कि महाराष्ट्र में क्या चल रहा है। इस बारे में मंत्री संजय शिरसाट ने भी अपनी सफाई दी है। उन्होंने कहा कि ह्मैंने अभी आपके दोस्त का वह वीडियो देखा। वीडियो में जो दिख रहा है वह मेरा घर है। आप जो देख रहे हैं वह मेरा घर है। यह मेरा बेडरूम है। मैं बेडरूम में बैठा हूं। मेरा प्यारा कुत्ता मेरे बेडरूम में बगल में है।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### टिकाऊ निर्माण...

**गुजरात में गंभीरा पुल ढहने से होने वाली मौतें भारीभरकम बुनियादी ढांचा बनाने की भारत की योजना के लिए चेतावनी है। इसने दिखाया है कि कैसे देश में बुनियादी ढांचा हड़बड़ी में बनाया जाता है और गुणवत्ता पर नहीं के बराबर ध्यान दिया जाता है। बाद में उसका रखरखाव भी इतने घटिया तरीके से होता है कि वह सुरक्षा के लिए खतरा बन जाता है। यह पुल केवल 43 साल पहले बना था मगर 2022 में ही यह एकदम खस्ता हो गया था और वाहनों की आवाजाही के समय इसके खंभे हिलने लगते थे।**

**पंचायत और जिला अधिकारियों ने पुल की हालत की जानकारी तीन साल पहले ही स्थानीय सड़क एवं पुल विभाग को दे दी थी। उसी साल सड़क-पुल विभाग की जांच रिपोर्ट में कहा भी गया कि पुल सुरक्षित नहीं है। मगर उस रिपोर्ट को कभी सार्वजनिक नहीं किया गया। उसके बजाय थोड़ी-बहुत मरम्मत के बाद पुल दोबारा खोल दिया गया।**

**परंतु यह त्रासदी अपवाद नहीं है। पिछले साल सरकार ने स्वीकार किया था कि उससे पहले के पांच साल में 42 छोटे और बड़े पुल ढहे हैं। सड़क और राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि 2021 से 2024 के बीच राष्ट्रीय राजमार्गों पर 21 पुल ढहे, जिनमें से 15 पूरे हो चुके थे। यहां सबक मिलता है कि तेजी से बुनियादी ढांचा बनाना जितना जरूरी है उतना ही जरूरी है पहले से मौजूद ढांचे का अच्छी तरह रखरखाव करना। ध्यान रहे कि पुल सही ढंग से बनाए जाएं और उनका रखरखाव ठीक से किया जाए तो वे 50 से 100 साल तक बने रहते हैं। 1937 में पूरा हुआ सैन फ्रैंसिस्को गोल्डन गेट ब्रिज और 19वीं सदी के अंत में बना लंदन का टावर ब्रिज इसके उदाहरण हैं।**

**दोनों में बाद में सुधार किए गए हैं और दोनों पर ही रोज गंभीरा पुल से ज्यादा यातायात गुजरता है। पिछले कुछ साल में केंद्र और राज्य सरकारों ने आर्थिक वृद्धि के प्रमुख वाहक के रूप में बड़े पैमाने पर जो सार्वजनिक निर्माण कराया है, खराब तरीके से बनाए और संभाले जा रहे पुल उसका केवल एक पहलू हैं। केंद्र सरकार की 2025-26 में सड़क एवं राजमार्ग, बंदरगाह, हवाई अड्डे, रेल और आवास समेत बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर लगभग 11.2 लाख करोड़ रुपये खर्च करने की योजना है। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 3 फीसदी से ज्यादा है। इस खर्च में निजी ठेकेदार और इंजीनियरिंग कंपनियां बडे पैमाने पर शामिल हैं क्योंकि निर्माण वे ही करती हैं। इसलिए उनके काम की गहन निगरानी करना और उनकी समुचित जवाबदेही तय करना जरूरी है। दिल्ली के प्रगति मैदान अंडरपास को ही देखिए, जो 2023 में जी20 शिखर सम्मेलन के लिए बनाया गया था। 700 करोड़ रुपये से भी ज्यादा खर्च कर बनाए गए इस पुल को कुछ महीनों में ही भारी बारिश के बाद पानी भरने के कारण बंद कर दिया गया।**

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई : 15 जुलाई को भारत में पहली बार खुलने जा रहा है टेस्ला का एक्सपीरियंस सेंटर...

**मुंबई :** अगर आप भी टेस्ला की गाड़ियों को सिर्फ यूट्यूब या न्यूज में देखकर खुश होते रहे हैं, और उसे हाथ लगाकर देखने और चलाने का एक्सपीरियंस लेने का सपना देखते रहे हैं तो यह जल्द ही हकीकत होने वाला है. महज 4 दिन बाद, यानी 15 जुलाई को भारत में पहली बार टेस्ला का एक्सपीरियंस सेंटर खुलने जा रहा है. यहां आप टेस्ला की गाड़ियों को न सिर्फ पास से देख पाएंगे, बल्कि उन्हें छू सकेंगे, बैठ सकेंगे और टेस्ट ड्राइव भी ले सकेंगे. टेस्ला का यह कदम सिर्फ एक शोरूम खोलने भर तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत के मार्केट में कदम जमाने की बड़ी तैयारी का हिस्सा है. टेस्ला 15 जुलाई को मुंबई में अपना पहला एक्सपीरियंस सेंटर खोलने जा रही है. यह सेंटर जियो वर्ल्ड ड्राइव मॉल में होगा, जो मुंबई का एक प्रीमियम लोकेशन है और ऐपल का फ्लैगशिप स्टोर भी इसी जगह है. टेस्ला ने मार्च में यहां करीब




4000 स्क्वायर फीट की जगह लीज पर ली थी.

**कैसा एक्सपीरियंस मिलेगा ?**

एक्सपीरियंस सेंटर एक ऐसा स्थान होता है, जहां ग्राहक टेस्ला की गाड़ियों को नजदीक से देख सकते हैं, उन्हें चला सकते हैं और उनके फीचर्स को इंटरैक्टिव स्क्रीन और डिस्प्ले के जरिए समझ सकते हैं. यह सेंटर केवल एक गाड़ियों का शोरूम नहीं है. यहां आपको मॉडल 3, मॉडल , मॉडल र, मॉडल  और भविष्य की चर्चित गाड़ी साइबरट्रक के बारे में भी जानकारी मिलेगी. इसके अलावा, टेस्ला के एनर्जी प्रॉडक्ट्स जैसे सोलर पैनल, पावरवॉल और सोलर रूफ भी यहां दिखाए जाएंगे. ग्राहक चाहें तो यहां पर गाड़ी का टेस्ट ड्राइव भी ले सकते हैं, जिससे वे इलेक्ट्रिक कार का असली अनुभव कर सकें.

टेस्ला के कर्मचारी यहां पर लोगों को गाड़ी से जुड़ी हर जानकारी देंगे, जैसे कि बैटरी की रेंज, चार्जिंग टाइम, रखरखाव, सरकारी सब्सिडी, ऑनलाइन ऑर्डर करने की प्रक्रिया और डिलीवरी कैसे होगी. अगर कोई गाड़ी खरीदना चाहता है तो वो यहां से ही अपने मनपसंद कलर, इंटीरियर और फीचर्स चुनकर गाड़ी को कस्टमाइज भी कर सकता है.

इसके साथ ही कुछ एक्सपीरियंस सेंटर्स में टेस्ला की फुल सेल्फ-ड्राइविंग तकनीक और ऑटोपायलट सिस्टम का डेमो भी दिया जाता है. कुछ जगहों पर चार्जिंग स्टेशन का डेमो भी दिखाया जाता है जिससे लोग समझ सकें कि एश चार्जिंग असल में कैसे काम करती है. इसके अलावा, टेस्ला के ब्रांड से जुड़े मर्चेंडाइज जैसे लोगो वाली टी-शर्ट, कैप्स और गिफ्ट आइटम्स भी मिल सकते हैं. हाल ही में टेस्ला ने मुंबई के कुर्ला वेस्ट में एक और कमर्शियल स्पेस लीज पर लिया है, जो कि सर्विस सेंटर के तौर पर काम करेगा. इसके साथ ही भारत में टेस्ला की कुल 4 लोकेशंस हो चुकी हैं- एक इंजीनियरिंग हब पुणे में, एक रजिस्टर्ड ऑफिस बेंगलुरु में, एक टेम्परी ऑफिस बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के पास और अब यह नया एक्सपीरियंस सेंटर मुंबई में.

# मुंबई: अब अगर कोई ट्रैफिक पुलिसवाला अपने मोबाइल से चालान काटता है... उसी पर विभागीय कार्रवाई



**मुंबई:** अब अगर कोई ट्रैफिक पुलिसवाला अपने मोबाइल से किसी पेड़ की पीछे या किसी कोने में खड़े होकर गाड़ियों का फोटो खींचकर चालान काटता है, तो खुद उसी पर विभागीय गाज गिर सकती है। महाराष्ट्र के अतिरिक्त पुलिस महा संचालक (ट्रैफिक) प्रवीण सालुंखे ने राज्यभर के ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट तौर पर कहा है कि चालान के लिए केवल सरकारी ई-चालान मशीन का ही इस्तेमाल करें। इस फैसले से मुंबई और महाराष्ट्र के तमाम बड़े शहरों में मोबाइल से फोटो खींचकर चालान कटाने वाले पुलिसकर्मी अब कार्रवाई के दायरे में आ जाएंगे। यह नियम पूरी महाराष्ट्र पुलिस ट्रैफिक बल के लागू होगा।

**ट्रैफिक व्यवस्था में आएगी पारदर्शिता**

मुंबई पुलिस के संयुक्त पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) अनिल कुंभारे ने बताया कि इस आदेश से ट्रैफिक व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी और संबंधित पुलिसकर्मियों की जवाबदेही तय होगी। हालांकि, उन्होंने दिशा-निर्देश पर पहले से ही काम किए जाने की बात कही। गौरतलब है कि मुंबई समेत राज्यभर में ई-चालान मशीन में तकनीकी खामियों की वजह से कई पुलिसकर्मी मोबाइल का सहारा लेते हैं, जो बाद में उनकी आदतों में शुमार हो जाता है। अब यही आदतें उन्हें भारी पड़ सकती है।

महाराष्ट्र विधानसभा ने शहरी नक्सलवाद और वामपंथी उग्रवाद जैसी अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए 'विशेष नागरिक सुरक्षा बिल' पारित कर दिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बिल को पेश करते हुए भरोसा दिलाया कि इसका दुरुपयोग नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इस कानून में 12,500 से अधिक जन सुझावों को शामिल किया गया है। बिल में एक सलाहकार बोर्ड भी बनाया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश या रिटायर्ड चीफ जस्टिस करेंगे।

# मुंबई : फ्रीलांस टूर मैनेजरों को धोखा देने के आरोप में टूर आयोजक गिरफ्तार



**मुंबई :** यूरोप और दुबई में विदेशी असाइनमेंट का वादा करके और यात्रा और वीजा व्यवस्था की आड़ में लाखों रुपये इकट्ठा करके 11 फ्रीलांस टूर मैनेजरों को धोखा देने के आरोप में एक टूर आयोजक को गिरफ्तार किया गया था।

डिंडोशी पुलिस के अनुसार, आरोपी विरल अश्विन ठक्कर ने फ्लाइट टिकट बुक करने के बहाने प्रत्येक टूर मैनेजर से 7.28 लाख रुपये लिए और बाद में नए वीजा बीमा नियमों का दावा करते हुए प्रति व्यक्ति अतिरिक्त 8 लाख रुपये की मांग की, जैसा कि बताया गया है पीड़ितों में से एक, मलाड निवासी केवल अतुल गाला, एक निजी टूर एजेंसी में नौ अन्य लोगों के साथ एक फ्रीलांस टूर मैनेजर के रूप में काम करता है। अप्रैल में, गाला को अपने सहयोगी विराज भटाडा से पता चला कि उन्हें ठक्कर द्वारा यूरोप में टूर मैनेजमेंट की नौकरी की पेशकश की गई थी जब वादा किया गया इंतजाम पूरा नहीं हुआ और शक बढ़ गया, तो गाला और बाकी पीड़ितों ने टूर रद्द कर दिया और पैसे वापस मांगने लगे। रिपोर्ट के मुताबिक, ठक्कर ने पैसे वापस नहीं किए।

# नवी मुंबई : बड़ी कार्रवाई; 47 लाख रुपये की हेरोइन जब्त

**नवी मुंबई :** पुलिस की नारकोटिक सेल ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 47 लाख रुपये की हेरोइन जब्त की है और पंजाब के तरनतारन से जुड़े दो लोगों समेत कुल नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है.



चार जुलाई को सीबीडी बेलापुर में जाल बिछाकर पहली गिरफ्तारी की गई. पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर अगले पांच दिनों में बाकी सात लोगों को भी पकड़ा गया. कुल 120 ग्राम हेरोइन जब्त हुई है. एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच जारी है.

# मुंबई: बीएमसी चुनावों के बाद मुंबई में मेयर महायुति का ही बनेगा - सीएम देवेंद्र फडणवीस



**मुंबई:** महाराष्ट्र में ठाकरे ब्रदर्स के साथ आने भाषा विवाद खड़ा होने के बीच सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बड़ा बयान दिया है। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि बीएमसी चुनावों के बाद मुंबई में मेयर महायुति का ही बनेगा। फडणवीस ने कहा कि उद्धव सेना और राज ठाकरे के मनसे की हिंदी विरोधी मुहिम को दरकिनार कर दिया। फडणवीस ने दावा किया है कि आम मराठी आदमी पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा बल्कि इससे उद्धव सेना और राज ठाकरे के मनसे को ही नुकसान होगा। मुंबई और महाराष्ट्र की आम जनता उनकी राजनीतिक नाकामी को अच्छी तरह से समझ रहा है इसलिए वह किसी के बहकावे में नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि मुंबई में अगला महापौर हमारी महायुति का ही होगा।

**लंबे समय से उद्धव ठाकरे का कब्जा**

राज्य में इस साल अक्टूबर से दिसंबर के बीच स्थानीय निकायों के चुनाव होने वाले हैं। माना जा रहा है मुंबई, ठाणे, कल्याण, वसई विरार, नवी मुंबई मनपा के चुनाव नवंबर से दिसंबर के बीच होंगे। पिछले 25 साल से मुंबई महानगरपालिका पर उद्धव सेना का राज है और वह किसी भी कीमत पर फिर से सत्ता हासिल करने के लिए हर तरह के राजनीतिक चाल चलेगी। उद्धव सेना और बीएमसी की सत्ता के बीच बीजेपी और शिंदे सेना सबसे बड़ा रोड़ा है इसलिए वह कभी मुंबई को तोड़ने का आरोप लगाती है तो कभी मराठी और हिंदी को आधार बनाती है।

# हिंगोली जिले में 14 हजार महिलाओं में कैंसर के लक्षण मिले...




**मुंबई:** महाराष्ट्र के हिंगोली जिले में 14 हजार महिलाओं में कैंसर के लक्षण मिले हैं। मराठवाड़ा क्षेत्र में आने वाले इस जिले में पिछले दिनों राज्य सरकार ने व्यापक स्तर पर अभियान चलाकर जांच की थी। इसमें से 1400 हजार महिलाएं संदिग्ध कैंसर रोगी के तौर पर सामने आई हैं। गुरुवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबितकर ने विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की संजीवनी स्कीम के तहत स्क्रीनिंग के दौरान इन महिलाओं के बारे में यह जानकारी मिली है। आबितकर ने कहा कि 8 मार्च को महिला दिवस से सर्वे की शुरूआत की गई थी। इसके तहत कुल 2,92,996 महिलाओं के बीच जाकर सर्वे किया गया था। हिंगोली के कलेक्टर अभिनव गोयल ने पहले शुरूआती रिपोर्ट में यह संख्या 13,500 बताई थी।

**गर्भाशय कैंसर भी मिला**

स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबितकर ने बताया कि सर्वे के जवाबों के आधार पर ही यह पता चला है कि करीब 14,500 महिलाओं में कैंसर जैसे लक्षण हैं। उन्होंने कहा कि कुल 14,542 महिलाओं में से तीन को गर्भाशय का कैंसर पाया गया है। इसके अलावा एक महिला को स्तन कैंसर है और 8 को माउथ कैंसर है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह जानकारी जिला कलेक्टर की ओर से कैंसर को लेकर चलाए गए जागरूकता अभियान में सामने आई है। यह अभियान इसलिए चलाया गया है ताकि कैंसर की जानकारी शुरूआती स्टेज में ही पता चल सके और फिर उन लोगों का इलाज कराया जा सके।

**कैसे होगा महिलाओं का इलाज?**

स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी कहा कि महिलाओं के लिए अलग से किसी कैंसर अस्पताल के निर्माण का प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्क्रीनिंग की व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य के 8 जिला अस्पतालों में डे-केयर कीमोथेरेपी सेंटर भी शुरू किए गए हैं। इसके अलावा ऐसे सेंटर्स को राज्य के अन्य जिलों में भी स्थापित करने की तैयारी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जिला अस्पतालों में भी इसकी जांच की सुविधा दी जा रही है। इसके लिए टाटा मेमोरियल अस्पताल से करार हुआ है। टाटा मेमोरियल अस्पताल की ओर से एक टीम महीने में दो बार अस्पतालों में जाएगी और वहां कैंप लगाकर जांच करेगी। यही नहीं निचले स्तर पर जांच के लिए कैंसर योद्धाओं को ट्रेनिंग भी टीम की ओर से दी जाएगी।

## मुंबई : गणेशोत्सव को मिला 'राज्योत्सव' का दर्जा

**मुंबई :** महाराष्ट्र की फडणवीस सरकार ने गणेशोत्सव को 'राज्योत्सव' घोषित करते हुए एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है. इस फैसले से राज्य की सांस्कृतिक परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है. सरकार ने उत्सव को भव्य रूप देने के लिए ₹100 करोड़ से अधिक की राशि खर्च करने की भी मंजूरी दी है. इस पहल से न केवल स्थानीय कलाकारों को मंच मिलेगा, बल्कि पर्यटन और सांस्कृतिक धरोहर को भी नया आयाम मिलेगा.

## मुंबई : पुलिस ने छह घंटे के भीतर चोरी हुए रिक्शा का सफलतापूर्वक पता लगाकर उसे बरामद कर लिया...



**मुंबई :** कोपरखैराने यातायात पुलिस ने चोरी के मात्र छह घंटे के भीतर एक चोरी हुए रिक्शा का सफलतापूर्वक पता लगाकर उसे बरामद कर लिया। मंगलवार रात घनसोली गाँव से चुराया गया यह वाहन अगली दोपहर बोनकोड़े गाँव में सड़क किनारे लावारिस हालत में मिला। घनसोली के अर्जुन वाड़ी निवासी सतीश वारे का रिक्शा रात में चोरी हो गया था। चोर ने संभवतः उसे ठिकाने लगाने के इरादे से वाहन को बोनकोड़े में ही पार्क कर दिया था। बुधवार सुबह चोरी का पता चलने पर, वारे ने वाहन की तलाश शुरू की और रबाले पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की।

इस बीच, कोपरखैराने यातायात विभाग के यातायात कांस्टेबल भरत धूमल और आनंद खदात्रे नियमित यातायात प्रबंधन के लिए बोनकोड़े में गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान, उन्होंने देखा कि एक रिक्शा गलत तरीके से पार्क किया गया था, जिससे यातायात बाधित हो रहा था। वाहन नंबर की जाँच करने पर, अधिकारियों ने मालिक का संपर्क विवरण प्राप्त किया और तुरंत वारे को फोन किया। एक ट्रैफिक पुलिस अधिकारी ने बताया, ''वेयर ने पुष्टि की कि पिछली रात रिक्शा चोरी हो गया था और उन्होंने इसकी सूचना भी दी थी।'' ट्रैफिक पुलिस ने उन्हें रिक्शा की लोकेशन बताई और कुछ ही देर बाद वेयर मौके पर पहुँच गए। पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में रिक्शा उन्हें वापस कर दिया गया।

## मुंबई : दुखद घटना; 62 वर्षीय ने कर ली आत्महत्या!



**मुंबई :** घाटकोपर में एक दुखद घटना सामने आई, जहां 62 वर्षीय भीमराव गोविंद साल्वे ने घाटकोपर स्थित अपने आवास पर आत्महत्या कर ली। ऐसा कथित तौर पर एक लड़की के परिवार द्वारा अपने बेटे के कथित प्रेम संबंध से संबंधित पुलिस शिकायत के बाद उत्पीड़न के कारण हुआ। पंतनगर पुलिस ने तीन लोगों, संबंधित लड़की के पिता, उसके चाचा और उसके भाई के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। 38 वर्षीय जया मनोज खैरनार द्वारा दर्ज कराई गई पुलिस शिकायत के अनुसार, वह अपने परिवार के साथ पंतनगर, घाटकोपर पूर्व में रहती हैं। उनके पिता भीमराव, संजय गांधी नगर, घाटकोपर पूर्व में उनकी मां सुमन, 55, और भाई संतोष, 30, के साथ रहते थे। घटनाओं का क्रम तब शुरू हुआ जब संतोष कथित तौर पर उसी इलाके में रहने वाली एक लड़की के साथ प्रेम संबंध में शामिल हो गया। कथित संबंध का पता चलने पर, लड़की के पिता ने अपने परिवार के साथ मिलकर 5 जुलाई को संतोष के साथ कथित तौर पर गाली-गलौज और मारपीट की।

इसके अलावा, अपने माता-पिता के कहने पर, लड़की ने संतोष के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत पुलिस में दर्ज करा दी। इससे घबराकर संतोष घर छोड़कर चला गया और अब तक लापता है। जब संतोष नहीं मिला, तो लड़की के परिवार ने कथित तौर पर भीमराव और उसकी पत्नी सुमन पर लगातार दबाव बनाना शुरू कर दिया। पुलिस ने मेरे पिता और हमारे परिवार को मेरे भाई संतोष के बारे में पूछताछ करने के लिए थाने भी बुलाया,'' जया ने बताया।

## बीड: सड़क मरम्मत कार्य का निरीक्षण... ट्रक पलट गया और धंस गई सड़क इंजीनियर और पूरी टीम बाल-बाल बच



**बीड:** जिले के वडवणी तालुका के खडकी गांव में सड़क मरम्मत कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे इंजीनियर और उनकी पूरी टीम एक बड़े हादसे में बाल-बाल बच गई। बताया जा रहा है कि निरीक्षण के दौरान एक ट्रक वहां से गुजरते हुए पलट गया और सड़क धंस गई। यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेज से वायरल हो रहा है।

बताया जा रहा है कि घटना के समय इंजीनियर अपनी पूरी टीम के साथ सड़क के किनारे खड़े। तभी एक ट्रक से गुजरने लगा। इस दौरान ट्रक के भार से सड़क के किनारे का हिस्सा धंसने लगा और देखते ही देखते वह नलट गया। इस दौरान वहां खड़े लोग खुद को बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इंजीनियर अपनी पूरी टीम के साथ पीछे हट गए। कुछ लोगों ने तो पानी से भरे गड्ढों में छलांग लगाकर जान बचाई। ट्रक जब पलटकर रूक गया तो इंजीनियर और उनकी टीम ने राहत की सांस ली।

**छात्रों ने की थी वैकल्पिक मार्ग की मांग**

गौरतलब है कि खडकी गांव में चल रहे पुल निर्माण कार्य के कारण विद्यार्थियों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी। इसको लेकर कुछ दिन पहले छात्रों ने खुद जाकर मुख्यमंत्री के ग्रामीण सड़क विभाग कार्यालय में वैकल्पिक मार्ग की मांग की थी। इसके बाद ही इंजीनियर साहब अपनी टीम के साथ निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। इस हादसे में किसी की जान नहीं गई, लेकिन यह घटना प्रशासन और ठेकेदारों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। अगर निरीक्षण के समय यह ट्रक कुछ मीटर और आगे बढ़ जाता, तो एक बड़ा जानलेवा हादसा हो सकता था।

# मुंबई: दक्षिण भारतीयों को खाने के ठेके नहीं दिए जाने चाहिए क्योंकि वे डांस बार और लेडीज बार चलाते हैं - विधायक संजय गायकवाड़

**मुंबई:** मुंबई की कैंटीन में कर्मचारी को पीटने के बाद शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड़ ने एक बयान दिया है। गायकवाड़ ने कहा है कि दक्षिण भारतीयों को खाने के ठेके नहीं दिए जाने चाहिए क्योंकि वे डांस बार और लेडीज बार चलाते हैं। उन्हें अच्छा खाना परोसना नहीं आता। गायकवाड़ ने खाने की गुणवत्ता ठीक नहीं होने पर मुंबई में एक कैंटीन कर्मचारी को पीटा था। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद गायकवाड़ ने कोई अफसोस व्यक्त नहीं किया था। उन्होंने कहा था कि वह एक विधायक होने के साथ फाइटर भी हैं। इसके बाद एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना विपक्ष के निशाने पर आ गई थी। अब संजय गायकवाड़ ने फिर विवादित बयान दिया है। गायकवाड़ महाराष्ट्र के बुलढाणा से विधायक हैं। गायकवाड़ आकाशवाणी की कैंटीन में मारपीट की थी।



**बिगाड़ते हैं महाराष्ट्र की संस्कृति**

विधायक संजय गायकवाड़ ने कहा, ''शेट्टी नाम के ठेकेदार को ठेका क्यों दिया गया? इसे किसी मराठी व्यक्ति को दिया जाए। वे जानते हैं कि हम क्या खाते हैं और हमें अच्छी क्वालिटी का खाना देंगे। दक्षिण भारतीय डांस बार, लेडीज बार चलाते हैं और महाराष्ट्र की संस्कृति को खराब करते हैं। उन्होंने हमारे बच्चों को भ्रष्ट कर दिया है। वे अच्छा खाना कैसे परोसेंगे? संजय गायकवाड़ ने यह बयान ऐसे वक्त पर दिया है जब कैंटीन कर्मचारी को पीटने के मामले पर सीएम फडणवीस ने नाराजगी व्यक्त की थी और विधानसभा के अध्यक्ष को एक्शन लेने के लिए कहा था। इतना ही नहीं एकनाथ शिंदे भी गायकवाड़ के व्यवहार पर नाराजगी व्यक्त की थी। कैंटीन की घटना के बाद संजय गायकवाड़ सुर्खियों में हैं। इससे पहले उन्होंने राहुल गांधी के एक बयान पर नाराज होगा उनकी जीभ काटने वाले को ईनाम देने का ऐलान किया था। इससे पहले उनके ऊपर अपनी गाड़ी सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों से धुलवाने के आरोप लगे थे, हालांकि कैंटीन विवाद के बाद मैनेजर और लाइसेंस निलंबित कर दिए गए थे।


## मुंबई : शिवसेना मंत्री संजय शिरसाट को इनकम टैक्स नोटिस...



**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार में सामाजिक न्याय मंत्री और एकनाथ शिंदे गुट के शिवसेना विधायक संजय शिरसाट को इनकम टैक्स विभाग से नोटिस मिला है। खुद शिरसाट ने इसकी पुष्टि की और कहा कि वे इसका कानूनी जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि लोगों को लगता है कि नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं होती, लेकिन ऐसा नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या ये किसी साजिश का हिस्सा है, तो उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने शिकायत की थी और विभाग ने संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि हमने जवाब देने के लिए समय मांगा है और स्थिति स्पष्ट करेंगे। मैं किसी दबाव में नहीं हूं, सिस्टम अपना काम कर रहा है।

## मुंबई : 33.355 किलो हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त; 8 लोग गिरफ्तार

**मुंबई :** कस्टम विभाग ने बीते तीन दिनों में बड़ी कार्रवाई करते हुए 33.355 किलो हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 33.35 करोड़ रुपये बताई गई है। इस मामले में 6 अलग-अलग केसों में 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि हाइड्रोपोनिक खेती वह तरीका है जिसमें पौधों को बिना मिट्टी के, सिर्फ पानी और खनिजों से उगाया जाता है। इससे तैयार किया गया गांजा ज्यादा असरदार और महंगा होता है।



**कैसे हुई गिरफ्तारी?**

मुंबई कस्टम के मुताबिक, 8 जुलाई से छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ये कार्रवाई की गई। पहली गिरफ्तारी बुधवार तड़के हुई, जहां एक यात्री के ट्रॉली बैग से 5.024 किलो गांजा बरामद किया गया। गांजा प्लास्टिक की पैकिंग में वैक्यूम सील करके छिपाया गया था। एक अन्य यात्री से 2.425 करोड़ का गांजा पकड़ा गया। बुधवार को बैंकॉक से आए एक यात्री के पास से 2.481 किलो गांजा मिला। उसी दिन बैंकॉक से आए दो अन्य यात्रियों के पास से 11.891 किलो गांजा मिला, जिसकी कीमत 11.891 करोड़ रुपये आंकी गई।

## कल्याण : खुलने के कुछ ही घंटों में उसे बंद करना पड़ा फ्लाईओवर

**कल्याण :** कल्याण में एक फ्लाईओवर बनने में 6 साल लग गए। लेकिन खुलने के कुछ ही घंटों में उसे बंद करना पड़ा। यह फ्लाईओवर कल्याण-शिल रोड पर बना है। यह डोंबिवली और कल्याण को नवी मुंबई से जोड़ता है। इसके दो लेन शुक्रवार की सुबह खोले गए थे। इससे हजारों लोगों को राहत मिली थी। लेकिन, कुछ ही देर बाद दो बाइक सवार फिसलकर गिर गए। ऐसा कहा जा रहा है कि सड़क पर बहुत ज्यादा बिटुमेन (कोलतार) होने के कारण ऐसा हुआ। MSRDC ने तुरंत फ्लाईओवर को बंद कर दिया। बाद में मरम्मत के बाद शाम को इसे फिर से खोल दिया गया। हालांकि अब फ्लाईओवर पर गड्ढों को लेकर सियासत शुरू हो गई है।

## मुंबई : गुरु पूर्णिमा के मौके पर वंदे मातरम संगठन के कई कार्यकर्ता शिवसेना में शामिल

**मुंबई :** गुरु पूर्णिमा के खास मौके पर पुणे की वंदे मातरम संगठन के कई कार्यकर्ता शिवसेना में शामिल हो गए। यह शामिलीकरण महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में हुआ। यह कार्यक्रम ठाणे के आनंद आश्रम (शिवसेना मुख्यालय) में आयोजित किया गया था। इस दौरान शिंदे ने अपने गुरु आनंद दिघे और शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर शिंदे ने कहा कि गुरु का मार्गदर्शन जीवन की सबसे बड़ी ताकत होता है, और आज जो भी हम कर पा रहे हैं, वह अपने गुरुओं के आशीर्वाद और विचारों की वजह से ही संभव है। यह कार्यक्रम शिवसेना के विस्तार और जनसंपर्क के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है।

## पुणे : कबाड़ी से दुनिया के सात अजूबों के निर्माण की पहल...

**पुणे :** पिंपरी चिंचवाड़ के पिंपल सौदागर में ''वेस्ट टू वंडर वर्ल्ड'' नाम का एक थीम पार्क बनवाया जा रहा है। निर्माण कार्य परियोजना में कबाड़ और बेकार पड़ी सामग्रियों को स्थायी कलाकृतियों का इस्तेमाल कर इन्हें मनोरंजक स्थलों में बदलने का प्रयास किया जा रहा है। इस पार्क का विकास पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम (पीसीएमसी) द्वारा किया जा रहा है और इसमें दुनिया के सात अजूबों सहित कई ऐतिहासिक स्मारकों के पुनर्निर्माण प्रदर्शित किए जाएंगे।

## मुंबई : स्टंट के दौरान एक कार 300 फीट गहरी खाई में गिर गई

**मुंबई :** महाराष्ट्र के गुजरवाडी स्थित 'टेबल पॉइंट' पर बड़ा हादसा हो गया, जब स्टंट के दौरान एक कार 300 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस दुर्घटना में कराड़ तालुका निवासी साहिल जाधव गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत स'ाद्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार साहिल जाधव अपनी कार से 'टेबल पॉइंट' पर स्टंट करने की कोशिश कर रहे थे, तभी गाड़ी का नियंत्रण बिगड़ गया और वह सीधे खाई में जा गिरी। हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर लोगों में दहशत और आक्रोश दोनों नजर आ रहा है।

## मीठी नदी घोटाले में आरोपियों के खिलाफ मकोका के कड़े प्रावधानों की मांग



**मुंबई :** मीठी नदी से गाद निकालने में हुए बड़े घोटाले का हवाला देते हुए, राज्य विधान परिषद में भाजपा सदस्यों ने आरोपियों के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के कड़े प्रावधानों की जोरदार मांग की, और कांग्रेस भी इसमें शामिल हो गई। भाजपा सदस्यों राजहंस सिंह, प्रवीण दरेकर, प्रसाद लाड और अन्य ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से यह मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मीठी नदी से गाद निकालने पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं।

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, जो शहरी विकास विभाग के प्रमुख हैं, की ओर से जवाब देते हुए, मंत्री उदय सामंत ने सदन को बताया कि 2013 में मीठी नदी से गाद निकालने का टेंडर मिलने से पहले, देवनार डंपिंग ग्राउंड में गाद डाली जा रही थी। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों को 2013 के बाद गाद की देखभाल करनी थी।

## मुंबई : दुर्घटना में 73 वर्षीय महिला की मौत... !




**मुंबई :** माटुंगा पूर्व स्थित एक आवासीय परिसर में एक दुखद दुर्घटना में 73 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। यह दुर्घटना उस समय हुई जब कार चालक गाड़ी पार्क करने की कोशिश कर रहा था। माटुंगा पुलिस ने चालक, 39 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर मनोहर तिरुपति ताडुका के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106(1) और 281 के तहत लापरवाही से गाड़ी चलाकर मौत का कारण बनने का मामला दर्ज किया है।

प्राथमिकी के अनुसार, मृतका जयाबेन पारेख (73) माटुंगा पूर्व के भाऊ दाजी रोड स्थित हब टाउन हार्मनी बिल्डिंग में रहती थीं। 9 जुलाई की दोपहर लगभग 3:10 बजे, वह अपनी बहन से मिलने के लिए अपने घर से बाहर निकलीं और इमारत के बाहर एक दोस्त का इंतजार कर रही थीं। उस समय, नवी मुंबई के सीवुड्स स्थित शिवतेज आशियाना बिल्डिंग में रहने वाला आरोपी ताडुका अपनी नई खरीदी गई महिंद्रा एक्सयूवी700 (एमएच 43 सीएम 8521) में अपनी बहन से मिलने आया था। वह बिल्डिंग परिसर में कार पार्क करने की कोशिश कर रहा था।

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com